श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-110016

दिनांक: 21.01.2025

क्रमांक:एफ-8(9)/एलबीएस/छात्रावास/2024-25/ 626

## 'सरस्वती-पूजन' महोत्सव सूचना

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार विश्वविद्यालयीय अध्यापकों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों को सहर्ष सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विक्रम संवत् 2081, माघशुक्ल-पञ्चमी (वसन्त पञ्चमी), रविवार, दिनांक 02.02.2025 ई. को प्रातः 09:30 बजे छात्रावास में 'सरस्वती-पूजन' महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

इस अवसर पर पौरोहित्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रामराज उपाध्याय जी के आचार्यत्व में माननीय कुलपति महोदय स्वयं सरस्वती पूजा कार्य सम्पन्न करेंगे तथा आचार्य महोदय जी से यह निवेदन किया जाता है कि इस अवसर पर पूजन सामग्री आदि की व्यवस्था करवाने की कृपा करें तथा विगत वर्षों की भाँति समस्त पौरोहित्य एवं वेद विभागीय अध्यापकगण मिलकर पूजन में अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर सहयोग करने की कृपा करेंगे।

अतः इस शुभ अवसर पर विश्वविद्यालय के समस्त अध्यापक वृन्द, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं से निवेदन है कि पूजा में सम्मिलित होने की कृपा करें।

(प्रो. सुन्दर नारायण झा)
छात्रावास अधिष्ठाता

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1) छात्रावास प्रवेश प्रबन्ध समिति अध्यक्ष एवं सदस्यगण
2) समस्त पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
3) प्रो. रामराज उपाध्याय, विभागाध्यक्ष (पौरोहित्य विभाग)
4) पौरोहित्य एवं वेद विभाग के समस्त अध्यापक
5) कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
6) सहायक अभियंता/कनिष्ठ अभियंता (विद्युत/सिविल) को इस आशय से प्रेषित कि दरी, आसन एवं माईक आदि की व्यवस्था करवाने का कष्ट करें।
7) संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को वेबसाइट पर अपलोड करने एवं समस्त अध्यापकों/कर्मचारियों को व्हाटसएप्/एस.एम.एस के माध्यम से सूचित करने हेतु
8) समस्त सूचना पट्ट

(प्रो. सुन्दर नारायण झा)
छात्रावास अधिष्ठाता